माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०

MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.

Website : https://mpublp.ac.in E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**

पत्रांक सं.: माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/290 दिनांक: 20,जून 2026

सूचना

माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के पत्रांक माँ0पा0वि0वि/COE/2026/256 दिनांक: 20,मई 2026 द्वारा सत्र 2025-26 प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं में मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका के परिनिरीक्षण (Scrutiny) हेतु दिनांक 21-05-2026 से 28.05.2026 तक समर्थ पोर्टल खोला गया था | छात्र / छात्राओं एवं महाविद्यालयों के अनुरोध पर विचारोपरांत माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार दिनांक 22.06.2026 से पुनः छात्र-छात्राएं निम्न उपबंधों के अधीन समर्थ पोर्टल पर परिनिरीक्षण (Scrutiny) हेतु आवेदन कर सकते हैं :-

1. कोई भी छात्र/छात्रा पोर्टल खुलने के दिनांक से 04 दिन के अन्दर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका को ऑनलाइन देखने के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदन के साथ रू0 300/- प्रति प्रश्नपत्र फीस विश्वविद्यालय को भुगतान करेगा।
2. कोई भी छात्र / छात्रा पोर्टल खुलने के दिनांक से 10 दिनों के अन्दर स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए रु0 500/- प्रति प्रश्नपत्र फीस विश्वविद्यालय को भुगतान करेगा।
3. स्क्रूटनी मे यदि कोई प्रश्नपत्र मूल्यांकित नहीं है तो उसका मूल्यांकन किया जाएगा तथा यदि अंको का स्थानान्तरण मुख्य पृष्ठ पर नहीं है तो अंको को स्थानान्तरण किया जाएगा। यदि अंको के योग में कोई त्रुटि है तो उसे ठीक किया जाएगा।
4. परीक्षक द्वारा किये गये मूल्यांकन में दिये गये अंको पर कोई प्रश्न चिह्न नहीं किया जा सकता ।
5. स्क्रूटनी के लिए एक ही बार एक प्रश्नपत्र में आवेदन किया जा सकता है।
6. स्क्रूटनी के सम्बन्ध में किसी विषम परिस्थिति में कुलपति महोदय का निर्णय अन्तिम होगा।

नोट : ***छात्र / छात्राएं केवल मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं में ही परिनिरीक्षण (Scrutiny) हेतु आवेदन कर सकते है। अन्य कोर्सों यथा को-करिकुलर / वोकेशनल / कौशल विकास आदि में नहीं करेंगे। यदि उनके द्वारा उक्त कोर्सों हेतु आवेदन किया जाता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा एवं उक्त हेतु जमा धनराशि की वापसी नहीं होगी।***

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, माँ पाटेश्वरी वि०वि० बलरामपुर ।
2. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर ।
3. डॉ जितेन्द्र कुमार, नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त को सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ ।
5. कार्यालय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक